# Plantation Drives
















## Groundwater Replenishment Effort

## Energy Conservation Drive






# Biocomposting/Vermicomposting






# Waste Management



























## Recycling Effort



## Green Ambassador Initiative



Samvad India | समाचार जगत का विश्वसनीय डिजिटल प्लेटफार्म | 20 नवम्बर 2025




### आर.जी. कॉलेज में वसुधा इको क्लब द्वारा "ग्रीन एंबेसडर" कार्यक्रम तथा "बेकार पड़ी वस्तुओं" से पेंसिल स्टैंड बनाने की प्रतियोगिता, प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज मेरठ की प्राचार्या प्रोफेसर निवेदिता कुमारी के निर्देशन में आज वसुधा इको क्लब, रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज मेरठ व जागरूक नागरिक संगठन, मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में "ग्रीन एम्बेसडर" कार्यक्रम "बेकार पड़ी वस्तुओं से पेंसिल स्टैंड बनाना" प्रतियोगिता-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आज की मुख्य अतिथि कुमारी वंदना फोगाट, वन प्रभागीय अधिकारी, मेरठ (डीएफओ) तथा प्राचार्या प्रोफेसर निवेदिता मलिक द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत आरंभ किया गया। डीएफओ वंदना फोगाट ने बताया कि आज के समय में हम सभी को कचरे को कम करने, फिर से ईस्तेमाल करने व रिसाइकल करने की आवश्यकता है। छात्राओं को समय-समय पर पर्यावरणीय ज्ञान लेते रहना चाहिए। पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनानी चाहिए। अपने महाविद्यालय व समाज में जागरूकता फैलाने जैसी गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। सभी छात्राओं को वृक्षारोपण व स्वच्छता अभियान में भाग लेना चाहिए। छात्राओं द्वारा तैयार किए गए 'बेकार पड़ी वस्तुओं से तैयार पेंसिल स्टैंड' को देखकर कुमारी वंदना फोगाट (डीएफओ), मेरठ, अत्यधिक अभिभूत हुई व छात्राओं की भूरी-भूरी प्रशंसा की। प्रो. निवेदिता कुमारी, प्राचार्या, आर.जी.पी.जी. कॉलेज के निर्देशन में 6 ग्रीन एंबेसडर चुने गए। उन्होंने ने बताया कि इन सभी ग्रीन एंबेसडर को महाविद्यालय में पर्यावरण के बारे में जागरूकता फैलाना होगा। इनमें से तीन ग्रीन एंबेसडर को समाज को पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना होगा। सभी छात्राएं वादा करें कि वह महाविद्यालय के साथ-साथ अपने घर व आसपास की जगह को हमेशा साफ सुथरा वह हरा-भरा रखने पर विशेष ध्यान देती रहेंगी। देवेंद्र सचिव एनवायरनमेंट एंड सोशल रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन ने बताया कि पुनर्चक्रण एक वृत्ताकार अर्थव्यवस्था मॉडल का हिस्सा है जो संसाधनों के पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण पर ध्यान केंद्रित करता है, जिससे कचरा कम होता है और संसाधनों का कुशल उपयोग होता है। आज के कार्यक्रम की कन्वीनर, डीन ऑफ साइंस व वसुधा इको क्लब की इंचार्ज प्रो. कल्पना चौधरी ने बताया कि छात्राओं द्वारा शिक्षिकाओं के निर्देशन में इको क्लब के अंतर्गत समय-समय पर ओजोन दिवस, एनवायरनमेंट दिवस, बायोडायवर्सिटी दिवस, पौधा रोपण दिवस इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं तथा ग्रीन एंबेसडर चुनी गई छात्राएं इन सभी कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती हैं तथा इन कार्यक्रमों के द्वारा प्राप्त की गई जानकारी को अपनी कक्षा व अन्य कक्षा की छात्राओं के बीच साझा करती हैं। तथा रैली के द्वारा समाज में जागरूकता फैलाती हैं। गिरीश शुक्ला द्वारा बताया गया कि पेपर को रीसाइकल करना इसलिए जरूरी है क्योंकि पेपर बनाने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ों की आवश्यकता होती है। पोस्टर प्रतियोगिता के निर्णय हेतु निर्णायक मंडल में डॉ. मालती, जंतु विज्ञान विभाग, जनता वैदिक कॉलेज, बड़ौत व देवेंद्र, सचिव, एनवायरनमेंट एंड सोशल रिसर्च आर्गेनाईजेशन सम्मिलित हुए। दिव्या बीएससी सेमेस्टर 5th (बायो), अदिति सिंह, बीएससी सेमेस्टर 5th (बायो), दीपांशी शर्मा, बीएससी सेमेस्टर 5th (बायो), श्रुति शुक्ला, बीएससी सेमेस्टर 5th, कशिश (एजुकेशन) फर्स्ट ईयर, उंजिला बिलाल, सेमेस्टर 3rd (कॉमर्स) को ग्रीन एंबेसडर चुना गया। कु. वन्दना फोगाट(डीएफओ), प्रो. निवेदिता मलिक( प्राचार्या), डा. मालती व श्री देवेंद्र (निर्णायक मंडल) वसुधा इको क्लब की कन्वीनर प्रो.कल्पना चौधरी व श्री गिरीश कुमार शुक्ला द्वारा इन सभी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आज की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रुति शुक्ला बीएससी फिफ्थ सेमेस्टर, द्वितीय स्थान खुशी सैनी बीएससी फिफ्थ सेमेस्टर, तृतीय स्थान गरिमा बी.एड. प्रथम वर्ष तथा सांत्वना पुरस्कार विशाखा बीएससी सेमेस्टर 5th, तेजस्विनी बीएससी सेमेस्टर 5th, राफिया बीएससी सेमेस्टर प्रथम ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रो. कल्पना चौधरी, कन्वीनर व इंचार्ज वसुधा इको क्लब द्वारा बेकार पड़ी वस्तुओं से स्वयं तैयार की गई विभिन्न सजावटी सामान की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में छात्राओं द्वारा तैयार किए गए पेंसिल स्टैंड को भी सम्मिलित किया गया। सभी छात्राओं व शिक्षिकाओं द्वारा इस प्रदर्शनी का लुफ्त उठाया गया व सभी ने इस प्रदर्शनी की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. रजनी श्रीवास्तव, कु.शैल वर्मा, डॉ. गीता सिंह व डॉ. मधु मलिक  का विशेष योगदान रहा।

# Solar Energy Adoption




# Bio Diversity Conservation





# Efforts for Green Campus

















# Environment Sustainability Awareness

